## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **भाजपा के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रांची के चुटिया में किया रोड शो, बाबूलाल मराण्डी और कल्पना सोरेन की पाकुड़ में हुई सभा, कल शाम थम जाएगा पाँचवे चरण का प्रचार।**
- **नाम वापसी के बाद संथाल का चुनावी परिदृश्य साफ, झामुमो ने विधायक लोबिन हेंब्रम को 6 वर्षों के लिए किया निष्कासित, चुनाव चिन्हों का आज किया गया आवंटन।**
- **टेंडर कमीशन घोटाला में गिरफ्तार आलमगीर आलम ने मंत्री पद छोड़ा, ईडी की पूछताछ जारी, जमीन घोटाला मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बढ़ी न्यायिक हिरासत।**
- **राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल ने विद्यालयों का पुनः औचक निरीक्षण किया शुरू, दो विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा।**
- **राज्य में क्षेत्रवार अलग अलग मौसम का मिजाज, गढ़वा और पलामू समेत संथाल परगना में रहा हॉट डे, कई इलाकों में 20 से 23 मई तक हल्की बारिश का पूर्वानुमान।**

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार चरम पर पहुँच गया है। भाजपा के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसदीय चुनाव को लेकर रांची के चुटिया में अब से कुछ देर पहले पार्टी प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में रोड शो किया। इंडी गठबंधन के नेता भी आज दिनपभर प्रचार में खूब पसीना बहाया। पांचवें चरण के चुनाव का शोर कल शाम थम जाएगा।

*******************

राज्य में बाकी बचे दस लोकसभा क्षेत्रों के चुनावी रण को जीतने के लिए सभी दलों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के प्रदेश बाबूलाल मराण्डी ने आज पाकुड़ ज़िला अंतर्गत महेशपुर प्रखण्ड मुख्यालय में चुनावी सभा को संबोधित किया।इस दौरान उन्होने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्ष पर अवध खनन जैसे मुद्दों पर जमकर निशाना साधा।

*******************

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की पुत्रवधू सह भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने आज गिरिडीह जिले के गांडेय में कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होने कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधान सभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होने ज़ोर देकर कहा कि देश का विकास केवल भाजपा ही कर सकती हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य की मौजूदा गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो को खड़ा करने में उनके पति दुर्गा सोरेन का बड़ा योगदान था। जब मेरे स्वर्गीय पति साथ न्याय नहीं हुआ तो ये लोग दूसरे का ये क्या भला करेंगे।

*******************

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने पाकुड़ जिले के लिटीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करियोडीह मैदान में चुनाव प्रचार किया और एनडीए पर निशाना साधा । उन्होने राजमहल सीट पर विजय हांसदा को जीताकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करने की अपील की। सभा को झामुमो के कई नेताओं ने सम्बोधित किया

*******************

संथाल के चुनावी समर का परिदृश्य साफ हो गया है। नाम वापसी के साथ उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। संसदीय चुनाव के सिलसिले में दुमका, राजमहल और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में आगामी एक जून को मतदान होगा जबकि देश के अन्य क्षेत्रों के साथ ही इन तीनों संसदीय क्षेत्र की मतगणना कराई जाएगी । राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इसके साथ ही सभी सातों चरण के लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी। नाम वापसी के बाद दुमका और गोड्डा से 19–19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं जबकि राजमहल संसदीय क्षेत्र में 14 प्रत्याशी चुनाव में डटे हैं।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधायक लोबिन हेंब्रम को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने लोबिन हेंब्रम को लिखे पत्र में कहा कि आपके द्वारा राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य किया गया है। साथ ही आपके द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है । इन तथ्यों के आलोक में आपको पार्टी के सभी पदों से पद मुक्त करते हुए 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। गौरतलब है कि लोबिन हेंब्रम ने बगावती तेवर दिखाते हुए राजमहल संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है जबकि यहाँ से विजय हांसदा झामुमो के अधिकृत प्रत्याशी हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इससे पहले लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले पार्टी विधायक चमरा लिंडा को निलंबित किया था।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। इस संसदीय क्षेत्र में 20 मई को तकरीबन 22 लाख 5000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंग। उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने तैयारी के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिले के कई बूथ अलग–अलग थीम पर आधारित होंगे, जहां पर्यटन केंद्रों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही कई ग्रीन बूथ और प्लास्टिक मुक्त बूथ भी बनाए जाएंगे। गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर शेड की व्यवस्था की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

*******************

साहिबगंज में राजमहल लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए जा रहे स्ट्रॉन्ग रूम तथा मतगणना स्थल का किया और ज़रूरी निर्देश दिये । उन्होने सीसीटीवी रूम का भी अवलोकन किया तथा ज़रूरी हिदायत दी ।

*******************

संथाल परगना अंतर्गत गोड्डा संसदीय क्षेत्र में आगामी एक जून को मतदान होगा। अधिक से अधिक मतदाताओं की चुनाव में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा क्षेत्र में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान अनवरत जारी है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भ्रष्टाचार के आरोपों में ईडी द्वारा गिरफ्तार आलमगीर आलम के मंत्री पद से इस्तीफा देने की खबर है । निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका इस्तीफा राजभवन पहुंचाया जाएगा । उनपर गिरफ्तारी के बाद नैतिक तौर पर इस्तीफे का भारी दबाव था।

*******************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में गिरफ्तार आलमगीर आलम को आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होटवार जेल से ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया । मेडिकल टीम ने उनकी जांच की इसके बाद उनसे ईडी की पूछताछ शुरू हो गई है । इधर श्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम की भी आज मेडिकल टीम द्वारा नियमित जांच की गई । इन दोनों की रिमांड अवधि कल खत्म हो रही है ।

*******************

विशेष अदालत ने जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद समेत 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों तक और बढ़ा दी है ।

*******************

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत में आज ईडी द्वारा निर्देशानुसार जवाब दाखिल नहीं किया गया इस कारण अब मंगलवार 21 मई को इसपर सुनवाई होगी। अदालत ने ईडी को समय देते हुए सोमवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

*******************

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुश्रवण के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने पुनः विद्यालयों का औचक निरिक्षण शुरू कर दिया है। इस क्रम में अनुश्रवण दल ने काम में लापरवाही के मद्देनजर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, रामगढ़ के वार्डन और लेखपाल को सेवा मुक्त करने की अनुशंसा की है साथ ही हज़ारीबाग़ अंतर्गत के.बी.एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय चौपारण के प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

*******************

राज्य में अलग–अलग क्षेत्र में मौसम का मिजाज अलग–अलग दिख रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक आज राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है वहीं राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गढ़वा और पलामू समेत संथाल परगना के कई जिलों में हॉट और उमस भरे दिन की चेतावनी जारी की गई है । कल भी गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में हॉट डे और उमस के हालात रह सकते हैं। आगामी 19 मई को संथाल प्रमंडल के देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में लू चलने की आशंका है। वहीं 20 मई को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, देवघर और गिरिडीह में हीट वेव चल सकती है। राज्य के कई इलाकों में 20 से 23 मई तक हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है।

*******समाप्त*******